प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद– अयोध्या।

पत्रांक– **SPMU/CH/SS Visit/60/2024-25/** 2701 दिनांक 08/07/2024

**विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत राज्य स्तरीय टीम द्वारा जनपद अयोध्या की भ्रमण आख्या के सम्बंध में।**

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ से महाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य एवं राज्य स्तरीय टीम के साथ आपके जनपद अयोध्या की कतिपय स्वास्थ्य इकाईयों का भौतिक निरीक्षण दिनांक 27 से 29 जून 2024 के मध्य किया गया। भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में आपको जनपद स्तरीय बैठक में अवगत कराया गया।

उपरोक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि पायी गयी कमियों का सघन परीक्षण करते हुए कमियों को दूर किया जाये एवं भ्रमण आख्या के अनुसार सुधारात्मक कार्यवाही करते हुये अपनी आख्या 15 कार्य दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक– विस्तृत भ्रमण आख्या।

भवदीय,

(धीरेन्द्र सिंह सचान)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांक: **SPMU/CH/SS Visit/60/2024-25/** तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या।
3. समस्त महाप्रबन्धक/विभागाध्यक्ष, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम., उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक/मण्डलीय शहरी स्वास्थ्य सलाहकार, एन0एच0एम0 अयोध्या।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक/जिला मातृ स्वास्थ्य परामशदाता, जनपद– अयोध्या।

(डा0 आर0पी0 दीक्षित)
महाप्रबन्धक, एम0एच0

प्रेषक,

अपर मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्साधिकारी,
जनपद– अयोध्या।

पत्रांक– **SPMU/CH/SS Visit/60/2024-25/** दिनांक 08/07/2024

**विषयः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अन्तर्गत राज्य स्तरीय टीम द्वारा जनपद अयोध्या की भ्रमण आख्या के सम्बंध में।**

महोदय,

जैसा कि आप अवगत है कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ से महाप्रबन्धक, मातृ स्वास्थ्य एवं राज्य स्तरीय टीम के साथ आपके जनपद अयोध्या की कतिपय स्वास्थ्य इकाईयों का भौतिक निरीक्षण दिनांक 27 से 29 जून 2024 के मध्य किया गया। भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में आपको जनपद स्तरीय बैठक में अवगत कराया गया।

उपरोक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि पायी गयी कमियों का सघन परीक्षण करते हुए कमियों को दूर किया जाये एवं भ्रमण आख्या के अनुसार सुधारात्मक कार्यवाही करते हुये अपनी आख्या 15 कार्य दिवस के अन्दर अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

संलग्नक– विस्तृत भ्रमण आख्या।

भवदीय,

(धीरेन्द्र सिंह सचान)
अपर मिशन निदेशक

पत्रांकः **SPMU/CH/SS Visit/60/2024-25/** 2701-5 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ को सूचनार्थ प्रेषित।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, अयोध्या।
3. समस्त महाप्रबन्धक/विभागाध्यक्ष, एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम., उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. मण्डलीय परियोजना प्रबन्धक/मण्डलीय शहरी स्वास्थ्य सलाहकार, एन0एच0एम0 अयोध्या।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक/जिला मातृ स्वास्थ्य परामशदाता, जनपद– अयोध्या।

(डा0 आर0पी0 दीक्षित)
महाप्रबन्धक, एम0एच0

## सहयोगात्मक पर्यवेक्षण आख्या जनपद– अयोध्या
## भ्रमण तिथि– 27 से 29 जून 2024

मिशन निदेशक–राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,उ0प्र0 के प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में 03 सदस्यीय राज्य स्तरीय दल द्वारा जनपद अयोध्या का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण दिनांक 27–29 जून 2024 के मध्य भ्रमण किया गया। भ्रमण की संक्षिप्त आख्या निम्नवत् है–

**राज्य स्तरीय टीम के सदस्यः–**

1. **डॉ0 रवि प्रकाश दीक्षित–महाप्रबंधक, मातृ स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ।**
2. **अभिषेक सोनी–परामर्शदाता, नियोजन, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ।**
3. **योगेन्द्र कुमार यादव–एस0एन0सी0यू0 साफ्टवेयर कॉर्डिनेटर, बाल स्वास्थ्य, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उ0प्र0 लखनऊ।**

दिनांक 28 जून 2024 को मुख्य चिकित्साधिकारी जनपद–अयोध्या की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी जिसमें जनपद के समस्त प्रभारी चिकित्साधिकारी, बी0पी0एम0, बी0सी0पी0एम0 एवं बी0ए0एम0 द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस बैठक में भ्रमण के दौरान पायी गयी कमियों से अवगत कराया गया तथा चर्चा की गयी कि अप्रैल माह में UP Health Dashboard Indicator के अनुसार न्यूनतम प्रदर्शन करने वाले 05 जनपदों में अयोध्या भी शामिल है। निम्नलिखित संकेतकों पर विस्तार से ब्लॉकवार समीक्षा की गयी।

**UP Health Dashboard Indicator wise detail Up to April 2024 District - Ayodhya**

| S.N. | INDICATOR | UP AVG | BEST PERF. | MONTHLY | FY |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PW Received 4 Or More ANC With Hb Testing | 86.04% | 100% | 65.44% | 65.44% |
| 2 | Institutional Delivery Rate | 47.35% | 74.68% | 48.12% | 48.12% |
| 3 | C-Section Delivery Rate(70% To CHC) | 2.29% | 16.92% | 2.29% | 2.29% |
| 4 | C-Section Delivery Rate (30% To DH) | 29.83% | 70.25% | 47.53% | 47.53% |
| 5 | Still Birth Ratio | 7.64 | 0.45 | 15.06 | 15.06 |
| 6 | Newborns Received HBNC Visits | 93.64% | 100% | 100% | 100% |
| 7 | Ratio Of Pentavalent 3 To BCG | 1.13 | 1.86 | 1.09 | 1.09 |
| 8 | Full Immunization | 71.50% | 100% | 62.06% | 62.06% |
| 9 | Permanent Method Accepted Per 1000 EC | 0.28 | 1.23 | 0.13 | 0.13 |
| 10 | Reversible Method Accepted Per 1000 EC | 4.48 | 14 | 2.01 | 2.01 |
| 11 | *TB Notification Rate | 99.24 | 100 | 100 | 100 |
| 12 | PW Screened For HIV | 81.57% | 100% | 33.82% | 33.82% |
| 13 | Per ASHA Incentive | 3,840.82 Rs | 5,237.64 Rs | 4,404.60Rs | 4,404.60 Rs |
| 14 | Facilities Reported Outlier | 6.54% | 2.28% | 5.76% | 5.76% |
| 15 | Facilities Reported Non-Blank Value | 93.01% | 99.95% | 84.41% | 84.41% |

मुख्यतः Full Immunization, Still Birth Ratio, PW Screened For HIV and PW Received 4 or more ANC With Hb Testing में जनपद का डाटा बहुत ही निराशाजनक है। इसके सुधार हेतु निम्न लिखित सुझाव दिये गये –

- ब्लॉकवार सभी संकेतकों का अनुश्रवण एवं निरीक्षण प्रत्येक माह किया जाये।
- प्रभारी चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर डाटा ऑडिट कर समीक्षा की जाये एवं रिपोर्ट की हुयी त्रुटियों में सुधार कराया जाये।
- एच0आई0वी0 एवं हैपेटाइटिस स्क्रीनिंग की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये एवं सभी गर्भवती महिलाओं की 100 प्रतिशत जाँच की जाये।
- ए0एन0एम0 द्वारा नियमित टीकाकरण का डाटा सत्यापित किया जाये।
- Child Death and Still Birth ऑडिट प्रत्येक माह करायी जाये एवं इसके अनुसार जो कमियां पायी जायें उनके सुधार हेतु आवश्यक कार्यवाही की जाये।
- Child Death ऑडिट की रिपोर्ट MPCDSR Portal पर करनी सुनिश्चित की जाये।

- सभी ब्लॉक स्तर पर एन0बी0एस0यू0 इकाईयां क्रियाशील की जायें एवं नवजात शिशुओं को अन्य चिकित्सा इकाईयों/एस0एन0सी0यू0 में रेफरल हेतु महानिदेशक, परिवार कल्याण उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिनांक 14 जून 2024 दिशा–निर्देशानुसार संदर्भन किया जाये।
- समस्त गर्भवती महिलाओं की ए0एन0सी0 हेतु कम से कम चार भ्रमण सुनिश्चित किये जाये। प्रथम त्रैमाही के अन्दर ए0एन0सी0 का रजिस्ट्रेशन कराना एवं हीमोग्लोबिन टेस्ट कराना सुनिश्चित किया जाये, जिससे हाई–रिस्क गर्भवती महिलाओं का सही समय पर चिहिन्त किया जाये।
- मैटरनल डेथ ऑडिट कराना एवं एम0पी0सी0डी0एस0आर0 पोर्टल पर रिपोर्टिंग करना सुनिश्चित किया जाये।
- जनपद के समस्त प्रसव केन्द्रों पर Labour Room SOP का पालन कराना सुनिश्चित किया जाये।
- समस्त नवजात शिशुओं को बर्थ डोज लगाना सुनिश्चित किया जाये।

**जनपद अयोध्या में सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान भ्रमण की गयी इकाइयाँ –**

1. प्रथम संदर्भन इकाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– रूदौली।
2. सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– खण्डासा।
3. आयुष्मान आरोग्य मंदिर– सिधारी बाजार, (अमानीगंज)।
4. जिला महिला चिकित्सालय– अयोध्या।
5. शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– अब्बू सराय।
6. प्रथम संदर्भन इकाई, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– सोहावल।
7. आयुष्मान आरोग्य मंदिर– हाजीपुर बरसेण्डी, (सोहावल)।

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– रूदौली**

दिनांक 27 जून 2024 को राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, रूदौली का भ्रमण किया गया, चिकित्सालय में पर्यवेक्षण के दौरान निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि प्रसव के उपरान्त महिलायें चिकित्सालय में मानकानुसार 48 घंटे नहीं रूक रही हैं। | मानकानुसार 48 घंटे रोकने हेतु प्रयास करने हेतु सुझाव दिये गये। | चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 2 | एम्बुलेंस के निरीक्षण में प्रकाश में आया कि औषधियों को नियमानुसार नहीं रखा जा रहा है। | नियमित रूप से एम्बुलेंस का निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। | चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 3 | चिकित्सालय परिसर में पुराने स्टील के कण्डोम बाक्स लगा पाया गया। | नवीन मानकों के अनुसार कण्डोम बाक्स को लगाने हेतु निर्देश दिये गये। | चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 4 | प्रसव कक्ष रजिस्टर पूर्ण रूप से नहीं भरा जा रहा था। | लेबर रूम रजिस्टर पूर्ण रूप भरे जाने हेतु स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया। | स्टाफ नर्स/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 5 | चिकित्सालय में माह मई 2024 में 131 संस्थागत प्रसव हुये जिनमें से 14 बच्चों को एस0एन0सी0यू0 में संदर्भित किये गये थे। | प्रसव उपरान्त बाल स्वास्थ्य अनुभाग द्वारा जारी निर्देशों अनुसार संदर्भित किया जाये। | एन0बी0एस0यू0 नोडल/चिकित्सा प्रभारी |
| 6 | प्रसव कक्ष में डिजटल घड़ी सही नहीं थी। कक्ष में थर्मामीटर नहीं लगा था। | प्रसव कक्ष में आवश्यक उपकरणों की मरम्मत एवं आपूर्ति मानकानुसार किये जाने का निर्देश दिया गया। | चिकित्साधीक्षक/ ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | एन0बी0एस0यू0 में 01 बालरोग विशेषज्ञ, 03 स्टाफ नर्स कार्यरत हैं, 04 रेडिएण्ट वार्मर एवं 2 फौटोथैरेपी मशीन उपलब्ध थी, परन्तु प्रसव कक्ष से नवजात को बिना बालरोग विशेषज्ञ को दिखाये सीधे जिला स्तर पर एस0एन0सी0यू0 में संदर्भित किया जा रहा था। | चिकित्सालय में जन्मे शिशु को बालरोग विशेषज्ञ को दिखाने उपरान्त ही जिला स्तर पर एस0एन0सी0यू0 में संदर्भित किये जाने के निर्देश दिये गए। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 8 | एन0बी0एस0यू0 एवं एन0बी0सी0सी0 रजिस्टर एवं केस शीट मानकानुसार उपलब्ध नहीं था। | एन0बी0सी0सी0 एवं एन0बी0एस0यू0 एवं केस शीट मानकानुसार व्यवस्था किये जाने का निर्देश दिया गया। | **स्टाफ नर्स / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 9 | पी0पी0आई0यू0सी0डी0 रजिस्टर पूर्ण रूप से नहीं भरा जा रहा था। | पी0पी0आई0यू0सी0डी0 रजिस्टर पूर्ण रूप भरे जाने हेतु स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया। | **स्टाफ नर्स / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 10 | प्रसव कक्ष में अक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध नहीं था। | प्रसव कक्ष में अक्सीजन सिलेण्डर उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 11 | स्ट्रलाईजेशन एवं उपकरण रजिस्टर नहीं बना हुआ था। | स्ट्रलाईजेशन एवं उपकरण रजिस्टर बनाने हेतु सुझाव दिया गया। | **स्टाफ नर्स / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 12 | प्रसव कक्ष में हैण्ड वाशिंग एरिया एवं एल्बोटैब नहीं लगा था। | प्रसव कक्ष में हैण्ड वासिंग एरिया एवं एल्बोटैब लगाने का सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 13 | आक्सीटोसिन इन्जेक्शन को रखने हेतु बाक्स नहीं था। | आक्सीटोसिन इन्जे0 को रखने हेतु बाक्स उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 14 | प्रसव कक्ष में कलर कोडेड डस्टबिन एवं शू रैक उपलब्ध नहीं था। | कलर कोडेड डस्टबिन एवं शू रैक उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | **फार्मासिस्ट / चिकित्साधीक्षक** |
| 15 | आशा क्लस्टर बैठक | आशा एवं ए0एन0एम0 को बैठक हेतु एक साथ बुलाये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कम्युनिटी प्रासेस प्रबन्धक |
| 16 | बाल मृत्यु की रिपोर्टिंग कम | 1 वर्ष से 5 वर्ष के मध्य की बाल मृत्यु की रिपोर्टिंग शून्य है अतः बाल मृत्यु की रिपोर्टिंग हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्साधीक्षक |
| 17 | वार्ड में साफ चादर व पर्दे नहीं। | वार्ड में साफ चादर बिछाने व पर्दे लगाये जाने का सुझाव दिया गया। | स्टाफ नर्स |
| 18 | ई0सी0जी0 मशीन क्रियाशील नहीं। | ई0सी0जी0 मशीन क्रियाशील करा कर उपयोगित किये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साधीक्षक |
| 19 | चिकित्साधिकारियों द्वारा प्रसव कक्ष का भ्रमण | चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से प्रसव कक्ष का भ्रमण करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्साधीक्षक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | POLIO / Hep. B ज़ीरो डोज का टीकाकरण | नवजात को POLIO / Hep. B ज़ीरो डोज का टीकाकरण प्रसव कक्ष से बाहर आने से पूर्व दिये जाने का सुझाव दिया गया। | स्टाफ नर्स |

**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– खण्डासा**

दिनांक 27 जून 2024 को राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, खण्डासा का भ्रमण किया गय चिकित्सालय में पर्यवेक्षण के दौरान निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | सीटीजन चार्टर एवं ई0डी0एल0 ड्रग की लिस्ट परिसर में लगी हुई थी। | | |
| 2 | के0एम0सी0 वार्ड में रिकलाईनिंग कुर्सी नहीं थी। | के0एम0सी0 वार्ड में रिकलाईनिंग कुर्सी की व्यवस्था की जाये। | चिकित्साधीक्षक |
| 3 | चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि प्रसव के उपरान्त महिलायें चिकित्सालय में मानकानुसार 48 घंटे नहीं रूक रही हैं। | मानकानुसार 48 घंटे रोकने हेतु प्रयास करने हेतु सुझाव दिये गये। | **चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 4 | लेबर रूम रजिस्टर पूर्ण रूप से नहीं भरा जा रहा था। | लेबर रूम रजिस्टर पूर्ण रूप भरे जाने हेतु स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया। | **स्टाफ नर्स / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 5 | लेबर रूम में 02 टेबल उपलब्ध थी जिस पर मैट्रेस उपलब्ध नहीं था। | मैट्रेस उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 6 | एन0बी0सी0सी0 एवं के0एम0सी0 रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। | एन0बी0सी0सी0 एवं एन0बी0एस0यू0 रजिस्टर बनाने हेतु निर्देशित किया गया। | **स्टाफ नर्स / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 7 | लेबर रूम में डिजीटल घड़ी खराब थी। | लेबर रूम में डिजीटल घड़ी सही किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 8 | स्ट्रलाईजेशन रजिस्टर नहीं बना हुआ था। | स्ट्रलाईजेशन रजिस्टर बनाने हेतु निर्देशित किया गया। | **स्टाफ नर्स / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 9 | लेबर रूम में वॉश बेसिन के पानी निकासी की व्यवस्था नहीं थी। | लेबर रूम में वाश बेसिन के पानी निकासी की व्यवस्था करने हेतु सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 10 | लेबर रूम में शू रैक उपलब्ध नहीं था। | कलर कोडेड डस्टविन एवं शू रैक उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। | **फार्मासिस्ट / चिकित्साधीक्षक** |
| 11 | चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। | वार्ड समेत सम्पूर्ण चिकित्सालय की नियमित सफाई कराने का सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 12 | बाल मृत्यु समीक्षा एवं एम0पी0सी0डी0एस0आर0 पोर्टल पर रिपोर्टिंग शतप्रतिशत नहीं की जा रही है। | प्रत्येक माह बाल मृत्यु समीक्षा एवं एम0पी0सी0डी0एस0आर0 पोर्टल पर रिपोर्टिंग कराना सुनिश्चित किया जाये। | **चिकित्साधीक्षक** |

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर– सिधारी बाजार (अमानीगंज)

दिनांक 27 जून 2024 को राज्य स्तरीय दल द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर– सिधारी बाजार (अमानीगंज) गांव का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय में पर्यवेक्षण के दौरान निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर की बिल्डिंग का निर्माण कार्य अभी पूर्ण नहीं हुआ है। | बिल्डिग का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्साधीक्षक / मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| 2 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सी0एच0ओ0 द्वारा ओ0पी0डी0 का कार्य किया जा रहा था, परन्तु इकाई में आई0ई0सी0 की कमी पायी गयी। | आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर आई0ई0सी0 उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 3 | ए0एन0सी0 जाँच हेतु बेड एवं ग्लूको मीटर उपलब्ध नहीं था। | ए0एन0सी0 जाँच हेतु बेड एवं ग्लूको मीटर उपलब्ध कराये जाने हेतु सुझाव दिये गये। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 4 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर जल की आपूर्ति नहीं थी। | जल की आपूर्ति की जाये। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 5 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर में कार्यरत ए0एन0एम0 को प्रशिक्षण की आवश्यकता है। | कार्यरत ए0एन0एम0 को प्रशिक्षण प्रदान किया जाये। | चिकित्साधीक्षक / ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |

## जिला महिला चिकित्सालय– अयोध्या

दिनांक 28 जून 2024 को राज्य स्तरीय दल द्वारा जिला महिला चिकित्सालय–अयोध्या का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय में पर्यवेक्षण के दौरान निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | परिसर में सुविधा चार्ट एवं सिटीजन चार्ट लगा हुआ था। | – | – |
| 2 | परिसर में गम्भीर मरीजों हेतु हेल्प डेस्क (102 एवं 108) बना हुआ था। | – | – |
| 3 | चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि प्रसव के उपरान्त महिलायें चिकित्सालय में मानकानुसार 48 घंटे नहीं रूक रही हैं। | मानकानुसार 48 घंटे रोकने हेतु प्रयास करने हेतु सुझाव दिये गये। | चिकित्साधीक्षक / हास्पिटल मैनेजर |
| 4 | लेबर रूम रजिस्टर पूर्ण रूप से नहीं भरा जा रहा था। | लेबर रूम रजिस्टर पूर्ण रूप भरे जाने हेतु स्टाफ नर्स को निर्देशित किया गया। | स्टाफ नर्स / हास्पिटल मैनेजर |
| 5 | रेफरल स्लिप और एच0आर0पी0 रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। | रेफरल रजिस्टर उपलब्ध कराने हेतु अनुरोध किया गया। | चिकित्साधीक्षक |
| 6 | मई माह में मृत जन्में बच्चों की संख्या 9 थी जो कि अत्यधिक है। | मृत जन्में बच्चों की समीक्षा कर कारणों का पता लगाया जाये। | चिकित्साधीक्षक / हॉस्पिटल मैनेजर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 7 | प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन। | प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस को और प्रभावी ढंग से आयोजित किये जाने हेतु सुझाव दिये गये। | **स्टाफ नर्स/ हॉस्पिटल मैनेजर** |
| 8 | कंगारू मदर केयर यूनिट एवं लैक्टेशन मैनेजमेंट यूनिट। | कंगारू मदर केयर यूनिट में टेलीविजन लगवाने तथा वाल पेन्टिंग कराने का सुझाव दिया गया। साथ ही खराब पड़े एयर कंडिशनर को ठीक कराने का सुझाव दिया गया। कंगारू मदर केयर यूनिट में 5 बेड की व्यवस्था है जिसे बढाकर 10 बेड किये जाने का सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 9 | सिजेरियन डिलिवरी का ऑडिट | सिजेरियन डिलिवरी की अधिक संख्या को देखते हुए सिजेरियन डिलिवरी का ऑडिट कराये जाने का सुझाव दिया गया। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में रात्रि में सिजेरियन डिलिवरी की शून्य संख्या एवं जिला महिला चिकित्सालय में रात्रि में सिजेरियन डिलिवरी की कम संख्या को देखते हुए इसे बढाये जाने की आवश्यकता है। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 10 | बर्थ डोज टीकाकरण की रिपोर्टिंग | जिला महिला चिकित्सालय परिसर मे PPP सेंटर होने के कारण बर्थ डोज टीकाकरण की रिपोर्टिंग मात्र ANM द्वारा ही की जा रही किन्तु चिकित्सालय के डिलीवरी प्वाइंट की पोर्टल पर रिपोर्टिंग शून्य है अतः डिलीवरी प्वाइंट की स्टाफ नर्स के माध्यम से भी रिपोर्टिंग कराये जाने का सुझाव दिया गया।<br><br>साथ ही हैपेटाइटिस–बी से ग्रसित गर्भवती महिलाओं के प्रसव उपरान्त जन्में नवजात शिशु को HBIG का टीकाकरण शीघ्र अतिशीघ्र किया जाये। | **चिकित्साधीक्षक** |
| 11 | 14 शैय्या एस0एन0सी0यू0 संचालित थी बालरोग विशेषज्ञ एवं स्टाफ नर्स कार्यरत थी। एस0एन0सी0यू0 बब्ल सी–पैप मशीन की आवश्यकता है। | एस0एन0सी0यू0 बब्ल सी–पैप मशीन क्रय कर उपलब्ध कराया जाये एवं मानव संसाधन को प्रशिक्षित कराने हेतु सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक/ एस0एन0सी0यू0 नोडल** |
| 12 | एस0एन0सी0यू0 से बच्चों को रेफर करने हेतु जनरल ओ0पी0डी0 पर्चे का उपयोग किया जा रहा था। | एस0एन0सी0यू0 में रेफर प्रपत्र के द्वारा ही बच्चों को रेफर करने हेतु सुझाव दिया गया। | **चिकित्साधीक्षक/ एस0एन0सी0यू0 नोडल** |

**<u>शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– अब्बू सराय</u>**

दिनांक 28 जून 2024 को राज्य स्तरीय दल द्वारा शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–अब्बू सराय चिकित्सालय में पर्यवेक्षण के दौरान निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | अर्बन आशा का भुगतान। | अर्बन आशा के मानदेय का नियमित भुगतान सुनिश्चित किया जाये। | नोडल अधिकारी अर्बन /अर्बन परामर्शदाता |
| 2 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर की ब्रांडिंग। | आयुष्मान आरोग्य मंदिर की ब्रान्डिंग को प्रभावी ढंग से किया जाये। | नोडल अधिकारी अर्बन /अर्बन परामर्शदाता |
| 3 | माह मई में केवल 34 ए0एन0सी0 रजिस्टर की गयी थी जो कि बहुत कम है। | कृपया लक्ष्य के सापेक्ष ए0एन0सी0 रजिस्टर की जाये। | नोडल अधिकारी अर्बन /अर्बन परामर्शदाता |
| 4 | ओ0आर0एस0 एवं जिंक की उपलब्धता बहुत कम थी। | लक्ष्य के सापेक्ष ओ0आर0एस0 एवं जिंक उपलब्ध कराया जाये। | नोडल अधिकारी अर्बन /अर्बन परामर्शदाता |

**<u>सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– सोहावल</u>**

दिनांक 29 जून 2024 को राज्य स्तरीय दल द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– सोहावल का भ्रमण किया गया। चिकित्सालय में पर्यवेक्षण के दौरान निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | लेबर रूम में ट्रे में रखी दवाईयों की एक्स्पाईरी तिथि नहीं पड़ी थी। | ट्रे में रखी सभी दवाईयों की एक्स्पाईरी तिथि अंकित करने हेतु निर्देशित किया गया। | **प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/स्टाफ नर्स** |
| 2 | लेबर रूम रजिस्टर एवं केस सीट पूर्ण नहीं थी। | लेबर रूम रजिस्टर एवं केस सीट पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। | **प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/स्टाफ नर्स** |
| 3 | प्रसव कक्ष में मात्र 03 स्टाफ नर्स उपलब्ध थी। | मानकानुसार स्टाफ नर्स उपलब्ध नहीं थी। | **प्रभारी चिकित्सा अधिकारी** |
| 4 | गर्भवती महिलाओं की जांच हेतु अल्ट्रासाउंड की सुविधा परिसर में नहीं थी। | अल्ट्रासाउंड की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु सुझाव दिया गया। PMSMA दिवस पर आने वाली गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड हेतु ई–रूपी वाउचर शतप्रतिशत जेनरेटर किया जाये। | **प्रभारी चिकित्सा अधिकारी** |
| 5 | चिकित्सालय के निरीक्षण में पाया गया कि प्रसव के उपरान्त महिलायें चिकित्सालय में मानकानुसार 48 घंटे नहीं रूक रही हैं। | मानकानुसार 48 घंटे रोकने हेतु प्रयास करने हेतु निर्देशित किया गया। | **प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक** |
| 6 | एन0बी0सी0सी0 बना था रेडियंट वार्मर क्रियाशील था किन्तु बैग एण्ड मास्क उपलब्ध नहीं था एवं स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण की आवश्यकता थी। | बैग एण्ड मास्क एवं अन्य एन0बी0सी0सी0 उपकरण उपलब्ध कराया जायें। | **प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/स्टाफ नर्स** |
| 7 | एन0बी0सी0सी0 की आनॅलाईन रिपोर्टिंग सुचारू रूप से नहीं की जा रही हैं। | एस0एन0सी0यू0 ऑनलाईन एम0आई0एस0 पोर्टल पर सभी भर्ती बच्चों की इंट्री समय से किये जाने हेतु सुझाव दिया गया। | **बी0पी0एम0/स्टाफ नर्स** |
| 8 | चाइल्ड डेथ रिव्यू की ऑनलाईन रिपोर्टिंग। | चाइल्ड डेथ रिव्यू की | **एम0सी0टी0एस0** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | नहीं की जा रही थी। | ऑनलाईन रिपोटिंग कराने हेतु निर्देशित किया गया। | आपरेटर/ब्लाक कार्यक्रम प्रबन्धक |
| 9 | एनीमिया मुक्त भारत के अन्तर्गत आशाओं द्वारा बी0एचएस0एन0डी0 सत्र पर लाभार्थी बच्चों को आई0एफ0ए0 सीरप उपलब्ध कराने हेतु दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि प्रदान नहीं की जा रही थी। | एनीमिया मुक्त भारत के अन्तर्गत आशाओं द्वारा बी0एचएस0एन0डी0 सत्र पर लाभार्थी बच्चों को आई0एफ0ए0 सीरप उपलब्ध कराने हेतु दी जाने वाली प्रोत्सान राशि प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/ब्लाक कम्युनिटी प्रोसेस प्रबन्धक |
| 10 | ओ0पी0डी0 एरिया में वजन एवं लम्बाई नापने के लिए मशीन नहीं थी। | मशीन की व्यवस्था की जाये। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/स्टाफ नर्स |
| 11 | बर्थडोज की रिपोर्टिंग सही से नहीं की जा रही थी। | रिपोर्टिंग सही से की जाये। | स्टाफ नर्स |

**आयुष्मान आरोग्य मंदिर– हाजीपुर बरसेण्डी (सोहावल)**

दिनांक 29 जून 2024 को राज्य स्तरीय दल द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर– हाजीपुर बरसेण्डी, (सोहावल) का भ्रमण किया गया। पर्यवेक्षण में निम्न बिन्दु प्रकाश में आये –

| क्र.सं | अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | उत्तरदायित्व |
|---|---|---|---|
| 1 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर की ब्रांडिंग की गयी थी, प्रसव कक्ष में प्रसव नहीं कराया जा रहा था। | प्रसव कक्ष में प्रसव कराये जाने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/सी0एच0ओ0 |
| 2 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर की बिल्डिग अच्छी अवस्था में थी। जल एवं विद्युत की आपूर्ति उपलब्ध थी। | – | – |
| 3 | एन0बी0सी0सी0 कार्नर बना हुआ था एवं रेडिएण्ट वार्मर भी क्रियाशील था परन्तु उपयोग नहीं किया जा रहा था। | रेडिएण्ट वार्मर उपयोग किये जाने का सुझाव दिया गया। | – |
| 4 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर सी0एच0ओ0 द्वारा सभी प्रकार की जांच की जा रहीं थी। | – | – |
| 5 | आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर पेय जल की व्यवस्था थी, साथ ही परिसर में शौचालय की व्यवस्था थी। | – | – |
| 6 | गर्भवती महिलाओं के ए0एन0सी0 चेकअप हेतु पृथक से कक्ष था और बेड उपलब्ध था। | – | – |

**योगेन्द्र कुमार यादव**
स्टेट एस0एन0सी0यू0 साफ्टवेयर कॉर्डिनेटर, (सी0एच0)

**अभिषेक सोनी**
परामर्शदाता नियोजन

**डॉ0 रवि प्रकाश दीक्षित**
महाप्रबंधक मातृ स्वास्थ्य